WORKSHEET

Class: छठवीं	Topic: पाठ 5 साथी हाथ बढ़ाना
Subject: हिंदी	

प्रश्न 1- निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखे-

एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत
साथी हाथ बढ़ाना ।

प्रश्न 1- क्या मिलने से दरिया का रुप बन जाता है ?

अ- हवा ब- सागर स- पानी की बूँद द- मोती

प्रश्न 2- राई के एकत्र होने से क्या होगा?

अ- दरिया बन जाएगा ब- आकाश बन जाएगा स- कुछ नहीं होगा द-पर्वत बन जाएगा

प्रश्न 3 - मिलकर कार्य करने से मनुष्य वश में कर सकता है-

अ- देश को ब- परिवार को स- किस्मत को द- मित्र को

प्रश्न 2- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-

1 कवि ने साथी शब्द का प्रयोग किया है-

अ- परिवार वालों के लिए ब- सहपाठियों के लिए स- विदेशियों के लिए द- देशवासियों के लिए

2 अकेले बोझ उठाने से मनुष्य-------- जाएगा-

अ- बीमार हो जाएगा ब- सो जाएगा स- थक स- रुक जाएगा

3 'फ़ौलादी' शब्द का अर्थ है-

अ- मज़बूती ब- कमज़ोर इरादे स- मजबूत इरादे स- मजदूरी

4 'साथी हाथ बढ़ाना' पाठ साहित्य की कौन- सी विधा है?

अ- गीत ब- कहानी स- भजन द- कविता

5 'साथी हाथ बढ़ाना' रचना के रचनाकार हैं-

अ- जावेद अख़्तर ब- मजरुह सुल्तानपुरी स- रविंद्र जैन स- साहिर लुधियानवी

प्रश्न 3- लघु उत्तर लिखिए -

1- मिलकर बोझ उठाने से क्या होगा?
2- मेहनत करने वालों ने अभी तक किसकी खातिर काम किया है?
3- इंसान चाहे तो क्या कर सकता है?
4- सागर अपना रास्ता कब छोड़ देता है?

प्रश्न 4- दीर्घ उत्तर लिखिए-

1- 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत का मुख्य संदेश क्या है?

2- अपना सुख-दुख एक कैसे होता है?